1. बंगाल के द्वैध शासन से निम्नलिखित में क्या तात्पर्य था?

(a) शक्ति कंपनी के पास थी जबकि दायित्व नवाब के सिर पर

(b) दीवानी शक्ति कंपनी के पास थी जबकि फौजदारी शक्ति नवाब के पास।

(c) कंपनी ने अब अपने हाथों में व्यापारिक तथा प्रशासनिक दोनों दायित्व ले लिए।

(d) उपर्युक्त में कोई नहीं।

2. निम्नलिखित में कौन वारेन हेस्टिंग्स के काल से संबद्ध है?

1. कलकत्ता मदरसा की स्थापना

2. कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना

3. फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना

कूट:

(a) केवल 1 (b) 1, 2

(c) 2, 3 (d) 1, 2, 3

3. 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश ने भारत के परंपरागत सामाजिक ढ़ाँचे में सुधार लाने में रूचि नहीं दिखाई। इसके लिए निम्नलिखित में कौन-से कारण उत्तरदायी थे?

1. ब्रिटिश कंपनी को सामाजिक सुधार करने में कोई लाभ नज़र नहीं आ रहा था।
2. सामाजिक पद्धति में हस्तक्षेप करने से भारतीयों में प्रतिक्रिया हो सकती थी।
3. ब्रिटिश कंपनी को सामाजिक सुधार करने से पूर्व ब्रिटिश पार्लियामेन्ट की अनुमति लेनी पड़ती।

कूटः

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1, 2
(d) 1, 2, 3

4. प्राच्यवाद का बल निम्नलिखित में किस/किन कारक/ कारकों पर था?

1. भारत में कार्यरत ब्रिटिश अधिकारियों को भारतीय परंपरा का ज्ञान हो।
2. भारतीयों को अपने समाज के साथ-साथ पश्चिम के समाज की समझ हो।
3. भारतीयों में अपनी संस्कृति के प्रति आत्मविश्वास पैदा हो।

कूट:

(a) केवल 1
(b) 1, 2
(c) 2, 3
(d) 1, 2, 3

5. निम्नांकित में से कौन सा कारण क्लाइव द्वारा बंगाल में द्वैध शासन लागू करने के पीछे उत्तरदायी नहीं था?

(a) इंगलैण्ड में ऐसे प्रशिक्षित व्यक्तियों की कमी जो कि भारतीय कार्यप्रणाली से वाकिफ हों।

(b) सीधा प्रशासन संभालने से सभी भारतीय शक्तियाँ कंपनी का संगठित रूप से प्रतिरोध कर सकती थी।

(c) कंपनी को सीधे प्रशासन की अनुमति कोर्ट ऑफ डाइरेक्टर से प्राप्त नहीं थी।

(d) भारतीयों में अंग्रेजी शिक्षा तथा राष्ट्रवाद के प्रति चेतना के विकास का डर।